# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अठारह करोड़ की मल्टी स्टोरी पार्किंग अब तक नही हो पायी सुचारू

**नाराजगी**

## हाल ही में राज्य के मुख्यमंत्री के हाथों हुआ है उदघाटन

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ में लगभग अठारह करोड की लागत से तैयार की गई मल्टी स्टोरी पार्किग अब तक सुचारू न हो पाने की वजह से स्थानीय वाहन स्वामियों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। बता दें कि करीब चार साल के लंबे इंतजार के बाद जिले के देवसिह मैदान के पास तैयार की गई मल्टी स्टोरी पार्किग का पिछले अक्टूबर माह में राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने जनपद भ्रमण के दौरान इस पार्किग का विधिवत उदघाटन किया था।

बता दें कि जिले में सार्वजनिक पार्किग की कमी के चलते वाहन स्वामी अपने वाहन को सडकों के किनारे खडे करने को मजबूर हो चुके है। वही ऐसे हालातों में जिलेमें यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है।

अब तक दो माह बीतने के बाद भी जिलेमें तैयार की गई पार्किग के सुचारू न हो पाने के कारण जिले के तमाम संगठनों में नाराजगी देखने को मिल रही है। वही जिले के तमाम संगठनों ने इस मामले पर पालिका के अधिशासी मनोज दास से मुलाकात कर जल्द से जल्द इस पार्किग को सुचारू कराये जाने की मांग को लेकर अपनी बात रखी। इस पार्किग के संचालन का पूरा जिम्मा पालिका के हवाले है। वही अब तक पालिका को अब तक असके संचालन के लिए कुछ अधूरे पडे कार्य निपटाने के बाद ही इसके संचालन के कयास पूरे किये जा सकेगे।

पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज दास ने कहा कि पालिका को अब तक यह पार्किग हंस्तातरित नही हो पाई है। वही अब तक पालिका को पार्किग का जैसे ही हंस्तारण होगा यह पार्किग शुरू होने की उम्मीद है। अब तक जिला मुख्यालय की इस नवनिर्मित पार्किग के शुरू न हो पाने की वजह से जिले में आये दिन लगने वाले जाम से जिले की यातायात व्यवस्था पर ब्रेक लगने के आसार कहुत कम दिख रहे है। आलम यह है कि जाम से जिले के लोग परेशासनी में पड रहे है। वही ऐसे हालातों में जिले के लोगों की मुशिकिलें बडना लाज्मी है।

## न्यूज डायरी

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता** रूद्रपुर। उपमुख्य परियोजना अधिकारी उरेड़ा आरसी पाण्डेय ने बताया मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के क्रियान्वयन हेतु बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागर रूद्रपुर में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती रंजना राजगुरू की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होंने बताया कार्यशाला में इच्छुक आवेदनकर्ता लाभार्थीयों को योजना विषयक जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कार्यशाला में सचिव/महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, अग्रणी जिला प्रबन्धक विकास भवन (बीओबी), निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), अधिशासी अभियन्ता–नोडल (वि.वि.ख.) उपाकालि, समस्त खण्ड विकास अधिकारी ससमय प्रतिभाग करें।

### सर्विस लेन पर कब्जा करने वालों की पुलिस ने ली खबर

**संवाददाता** मंगलौर। सर्विस लेन पर कब्जा करने वालों की पुलिस ने जमकर खबर ली। पुलिसकर्मियों ने कई को दौड़ा लिया। इस दौरान 15 के चालान काटे। मंगलौर में आमजन की सुविधा के लिए फोरलेन का निर्माण करने वाली कंपनी ने सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड का भी निर्माण किया है। सर्विस रोड पर सामान बेचने वालों ने जबरदस्त अतिक्रमण किया हुआ है। एक सप्ताह पहले मंगलौर के कोतवाल प्रशिक्षु आइपीएस हिमांशु वर्मा ने कार्रवाई की थी। साथ ही चेतावनी दी थी कि सर्विस रोड पर यदि किसी ने अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। दो दिन में सर्विस रोड को खाली कर दिया गया। इसके बाद फिर से सर्विस रोड पर कब्जा कर लिया गया।

### द हिमालया कंप्लीट केयर टूथपेस्ट के लिए अपनी नई फिल्म द्वारा

**संवाददाता** देहरादून। देश के अग्रणी वैलनेस ब्रांड्स में से एक, द हिमालया ड्रग कंपनी ने अपने 'अब दांत हमेशा 10/10' अभियान के तहत एक नई फिल्म लॉन्च की। हिमालया कंप्लीट केयर टूथपेस्ट के लिए यह नया कैम्पेन दांत के दर्द एवं कैविटी को रोकने व अपनी जिंदगी में खुशी लाने के लिए सही टूथपेस्ट का उपयोग करने के महत्व पर केंद्रित है। इस फिल्म में दो माताओं के बीच की वार्ता दिखाई गई है। वो अपने बच्चों की ओरल हाईजीन के बारे में बात कर रही हैं। यह फिल्म नई जीवनशैली में स्थित है। एक मां बता रही है कि अपने बच्चों को रोज सही तरीके से ब्रश करवाने में उसे कितनी मुश्किल होती है। दूसरी मां हिमालया कंप्लीट केयर टूथपेस्ट का सुझाव देती है और बताती है कि इससे उसके बच्चों की ओरल समस्याओं को दूर रखने में मदद मिलती है।

## रुड़की के ट्रक यूनियन कार्यालय पर गाड़ी के नंबर लगाने को लेकर गाड़ी स्वामियों में संघर्ष



**संवाददाता** रुड़की। मंगलवार को सिविल लाइंस प्रेम मंदिर रोड पर स्थित ट्रक यूनियन कार्यालय पर गाड़ी के नंबर लगाने को लेकर गाड़ी स्वामियों में जमकर संघर्ष हो गया। करीब आधा घंटा तक दोनों पक्षों में मारपीट होती रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मारपीट कर रहे लोगों को पकड़ लिया और उन्हें कोतवाली ले गई। दोनों पक्ष शाहपुर गांव के रहने वाले हैं। संघर्ष के चलते पूरा मार्ग जाम रहा दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले, सीएम ही भ्रष्टाचार की जद में



**संवाददाता** पौड़ी गढ़वाल। शहर के निर्माणाधीन बस अड्डे में आयोजित जनसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ही भ्रष्टाचार की जद में हैं। मुख्यमंत्री कानूनी दांवपेच से स्वयं को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी के भू–कानून को खत्म कर वर्तमान सरकार प्रदेश को पूंजीपतियों और भूमाफिया के हाथों में सौंप रही है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और किसान बिल के विरोध में शहर के मुख्य मार्गों पर सरकार के विरोध में रैली निकाली। पौड़ी बस अड्डे पर आयोजित एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन के दौरान प्रीतम सिंह ने भाजपा और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत को आड़े हात लिया। प्रीतम सिंह ने कहा कि राज्य सरकार लगातार जन विरोधी निर्णय ले रही है। प्राधिकरणों से विकास को रोक दिया गया है। चार धाम के तीर्थ पुरोहित भी सड़कों आंदोलन करने को मजबूर हैं। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। सरकार और शासन में तालमेल नहीं हैं, जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है। उन्होंने ये भी कहा कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान मुख्यमंत्री आवास से बाहर नहीं आ पाए।

# नयी दुनियां, नया समाज बनाने के लिए फिर आवोंगे क्या तुम दीपराज!

**संवाददाता**

### अभागे पिता का अपने प्रिय पुत्र के मौत पर दो शब्द!

पिथौरागढ़। मेरे प्रिय पुत्र व दोस्त दीपराज आज इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसके सपने आज भी मेरे आंखो में तैर रहे है। दीपराज के दोस्ती तोड़ने के दसवें दिन कुछ लिखने का साहस कर रहा हूँ। दीपराज इस दुनिया को बदलना चाहता था, समाज को नये आयामो, संस्कारो के साथ खड़ा देखना चाहता था,सामाजिक बुराईयों का अंत चाहता था,घर से जाने से पहले 42 लाइन लिख कर हमारे लिए, समाज के लिए छोड़कर चले गया। जिसमें ऐसा आईना दिखाकर रवाना हुआ है कि चारो तरफ रोज मुझे एक आवाज आयेगी कब बदलेगा मेरा देश, मेरा समाज। मैं इसे शहीदे आजम भगत सिंह की शहादत का शून्य भाग मांनू या अपने बेटे की कायरता या एक ऐक्सीडेंट। पुलिस ने तो ऐक्सीडेंट माना है, इसी को स्वीकार कर रहा हूँ।

लांकडाऊन में मुनस्यारी की जोहारी बोली सीखने की जिद कर रहा था, पूछा तो कहता था कि मुनस्यारी में गांव के मरीज आएंगे तो बोली आयेगी,तो उनकी बीमारी, परेशानी को जानने में आसानी होगी। अपने क्षेत्र के गांवो में जब भी जाता था तो बच्चो से सपना देखने के लिए कहता। बार बार चाचा कलाम की बात बच्चो को बताता कि सपना वो नहीं होता जो सपने में आता है, सपना वो है जो नींद उड़ा देता है। गांव में लड़किया मिलती थी जो डाक्टर बनने का सपना देख रही थी, इस बात को दीप को बताता, कहता था कि इन होनहारो को मदद करेंगे। पीजी करने की जगह मुनस्यारी में आईएएस की तैयारी करने की बात कहकर उसने हमारे पांवो पर पंख लगा दिये थे।

मेरे सुख दुःख का साथी हमेशा उर्जावान रहते हुए हौंसला देता था मुझे। जिला पंचायत पिथौरागढ़ का अपने क्षेत्र से सदस्य बनने के बाद मैने पांच लाख रुपए की पहली किश्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुनस्यारी को उपकरण खरीदने के लिए दे दी। दिल में तमन्ना थी कि बेटे के आने से पहले अस्पताल को सुविधायुक्त बनाने की कोशिश करता रहूं।

## किया मोटर्स ने दिवाली के मौके पर बढ़ाई अपने ग्राहकों की खुशियां

**संवाददाता** देहरादून। किया मोटर्स कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी किया मोटर्स इंडिया ने इस दिवाली पर सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाते हुए अपने उपभोक्ताओं के लिए पूरी तरह से कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस ऑफ्टर सेल्स सर्विस लॉन्च की। कंपनी ने उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत रूप से व्हीकल सर्विस ओनरशिप के अनुभव से रूबरू कराने की भी पहल की। इसी के साथ कंपनी ने 'एडवांस्ड पिक अप एंड ड्रॉप प्रोग्राम' भी शुरू किया है जो उपभोक्ताओं को नो कॉन्टैक्ट पिकअप एंड ड्रॉप सर्विस मुहैया कराती है। कंपनी पूरी तरह पेपरलेस प्रक्रिया के तहत ग्राहकों को लाइव व्हीकल ट्रैकिंग की सुविधा भी देती है। कंपनी का लक्ष्य कस्टमर्स को एक असाधारण स्वामित्व का अनुभव देना है। किया मोटर्स इंडिया एक नई "माई कन्वीनिएंस" सर्विस संबंधी पहल भी लॉन्च की है, जो अपने कस्टमर्स को व्यक्तिगत रूप से वाहन के मेंटेनेंस का ऑफर देती है।